हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

10 एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह




12 गांवों में गौरी गौरा की निकाली बारात





# बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य पर्यटकों के लिए खुला, सुविधाएं बढ़ीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाज़ार

बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य, रायपुर से लगभग दो घंटे की दूरी पर स्थित, छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख वन्यजीव गंतव्य है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यह अभ्यारण्य 1 नवम्बर से पर्यटकों के लिए पुनः खुल गया है। वर्षा ऋतु में यहां पर्यटकों की आवाजाही पर रोक लगाई गई थी। बारिश ख़त्म होने के बाद अभयारण्य की सुंदरता में चार चांद लग गए हैं।

इस बार अभ्यारण्य में पर्यटकों की सुविधा के लिए तीन प्रवेश द्वार - पकरीद, बरबसपुर और रवान निर्धारित किए गए हैं, जिनसे सफारी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। जंगल सफारी के दौरान पर्यटक यहां की समृद्ध वन संपदा और विविध जीव-जंतुओं को नज़दीक से देखने का रोमांच अनुभव कर सकेंगे।

मुख्य आकर्षणों में तेंदुआ, भालू, गौर, कृष्णमृग सहित कई अन्य स्तनधारी प्रजातियां तथा 200 से अधिक पक्षी प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र की पारिस्थितिक समृद्धि को दर्शाती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से तैयार किया गया लेपर्ड सफारी जोन पर्यटकों के लिए एक नया और रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा।इस अवसर पर ⏩ शेष पेज 10 पर


## वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद देखते ही बन रही है अभयारण्य की सुंदरता



### इको-टूरिज्म रेसॉर्ट्स एवं विश्राम गृहों में रहने की व्यवस्था

बारनवापारा केवल वन्यजीव प्रेमियों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रकृति और शांति के चाहने वालों के लिए भी एक आदर्श स्थल है। यहां की वादियों में फैली हरियाली, पक्षियों की चहचहाहट और सघन वनों की प्राकृतिक सुंदरता एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करती है। पर्यटकों के लिए अभ्यारण्य परिसर एवं आसपास स्थित इको-टूरिज्म रेसॉर्ट्स एवं विश्राम गृहों में रहने की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई है, जहां वे प्रकृति की गोद में सुकून भरे पल बिता सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास के हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

**भाटापारा-मोपका।** एक नवम्बर राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवास का ग्राम मोपका, गुडेलिया, भरतपुर के हितग्राहियों को सामूहिक रूप से गृहप्रवेश कराया गया। इसमें ग्राम पंचायत मोपका के सरपंच, चेतन वर्मा, जनपद सदस्य केशर वेद प्रकाश साहू, संतोष वर्मा, उपसरपंच संजय वर्मा, आवास मित्र पीयूष वर्मा, भूपेश जंगडे, समूह की उमा वर्मा, पिलेश्वरी वर्मा, लता वर्मा, कमला ध्रुव सहित ग्रामीण विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सूने मकान में चोरी, टीवी सहित हजारों का सामान पार



**मुंडा।** मुंडा ग्राम पंचायत के ढनढनी मोड़ स्थित राजू टंडन के मकान में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने 30 हजार की एक एलजी टीवी और अलमारी में रखे सामान समेत दो टीन तेल की चोरी कर ली। राजू टंडन अपने परिवार सहित सरखोंर में अपनी माताजी के काठी कार्यक्रम में गए हुए थे, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार राजू टंडन परिवार के साथ शनिवार को सरखोर गए थे। रविवार को जब वे वापस लौटे, तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने कमरे में रखी हुई 30 हजार की एलजी टीवी पार कर दिए। इसके अलावा चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान को भी बिखेर दिया और कीमती वस्तुएं चोरी कर लीं। घर से दो टीन तेल भी चोरी होने की सूचना है। राजू टंडन ने लवन थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हसुवा में हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया

# विकास कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने दी 78 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी





हायर सेकंडरी स्कूल हसुवा में रविवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 47 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने विद्यालय और क्षेत्र के विकास के लिए कुल 78 लाख की घोषणाएं की।

इनमें हायर सेकंडरी स्कूल में साइकिल शेड निर्माण के लिए 10 लाख, अहाता निर्माण के लिए 4 लाख, मीडिल स्कूल में पेवर ब्लॉक के लिए 10 लाख, मरम्मत कार्य हेतु 10 लाख, नगर पंचायत टुण्ड्रा में खाद गोदाम निर्माण के लिए 25 लाख तथा ग्राम पंचायत बलौदा में पंचायत भवन निर्माण के लिए 19 लाख शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने की। सांसद कमलेश जांगड़े जांजगीर-चांपा अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पंचायत टुण्ड्रा अध्यक्ष छतराम साहू, उपाध्यक्ष रामप्रसाद साहू, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल, जनपद पंचायत कसडोल सभापति ब्यासनारायण श्रीवास एवं राजा वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सरपंच रितु अतुल केशरवानी एवं उपसरपंच शांति बाई साहू एवं समस्त पंचगण ने किया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य पार्वती जायसवाल एवं समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक भीखम प्रसाद साहू, मनीराम साहू, डीपी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और क्षेत्रीय विकास कार्यों को गति देना रहा।

# एनीकेटों पर सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति और चेतावनी बोर्ड लगवाये सरकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

शिवनाथ नदी के एनीकेट में डूबकर दो सगे भाइयों की मौत के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि जिला प्रशासन एनीकेट स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें, तो हर वर्ष कई निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सकती है।

- एनीकेट में डूबे युवकों के परिजनों से मिले प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी

ज्ञात हो कि बीते दिनों सिमगा ब्लॉक के ग्राम चंदिया पथरा स्थित शिवनाथ नदी एनीकेट में करहुल ग्राम के तीन युवक डूब गए थे। इनमें दुलेश साहू और मुकेश साहू सगे भाई थे, जबकि भावेश साहू उनका मित्र था। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

परिजनों से चर्चा के बाद माहेश्वरी ने बताया कि सोमनाथ से गुड़ाघाट तक शिवनाथ नदी में लगभग 12 एनीकेट हैं, जिनके पुलों पर काई जम जाने से फिसलने की घटनाएं आम हो गई हैं। बहाव के साथ गिरने पर व्यक्ति एनीकेट की दीवार से टकराकर पानी में फंस जाता है, जिससे उसकी मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि इन एनीकेटों पर न तो खतरा संकेत ⏩ शेष पेज 10 पर

# शहरवासियों ने श्रमदान कर धोबी तालाब की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



विशेष स्वच्छता पखवाड़ा एवं छग रजत जयंती महोत्सव के तहत नगर में रविवार की सुबह वार्ड 5 स्थित धोबी तालाब परिसर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मोहल्ला विकास समिति के सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

मौके पर उपस्थिति नगरवासियों ने श्रमदान करते हुए धोबीतालाब परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता का संदेश दिया और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया। पार्षद रोहित साहू ने वार्डवासियों से अपील की है कि स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह हर नगर वासियों का नैतिक कर्तव्य है। जब समाज के सभी लोग मिलकर काम करते हैं, तभी स्वच्छ और स्वस्थ नगर की परिकल्पना साकार हो सकती है। सीएमओ आशीष तिवारी ने भी नगरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों और गलियों में नियमित सफाई रखें तथा प्लास्टिक कचरे का उपयोग कम करें। स्वच्छता दीदियों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देकर नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग किया।

श्रमदान के दौरान पार्षद रोहित साहू, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी, मोहल्ला विकास समिति के सदस्य राजेश साहू, लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, मायाराम पाल, संतोष देवांगन, विनोद साहू, विष्णु देवांगन,संतोष साहू, हरीश साहू,संदीप साहू, टी आर वर्मा,खुमान साहू, दिलीप पंजा, नगर पालिका के सब इंजीनियर रितेश स्थापक, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, कर्मचारी हितेश वर्मा, किशोर यादव समेत स्थानीय रहवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पटेल के जन्म दिन पर छात्रों ने ली एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव




भारत के लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर नगर पंचायत भटगांव में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान पुलिस थाना भटगांव, स्वामी आत्मानंद प्रेम भवन प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव के समस्त टीचर, स्कूली बच्चों और नगरवासियों ने एकता की शपथ ली। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम भटगांव के बच्चों ने मैराथन दौड़ में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण समारोह से हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने देश की एकता अखंडता और भाईचारा की रक्षा का संकल्प लिया। इसके बाद आयोजित मैराथन दौड़ में युवाओं छात्र- छात्राओं ने जोश के साथ भाग लेकर सरदार पटेल के आदर्शों को याद किया।

इस अवसर पर विक्रम कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, प्रदीप देवांगन उपाध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, सुरेश रघु अध्यक्ष शाला विकास समिति स्वामी आत्मानंद स्कूल भटगांव, लीलाधर वैष्णव सभापति, रमा पटेल सभापति, डॉ. लोकेश अजय, अजय नारंग, लक्ष्मण नामदेव, एस एल जायसवाल चिन्मयी तृप्ति मिश्र, चांदनी दास, ओपी करियारी, इंद्र कुमार सोनकर, ओपी पटेल, पुलिस थाना से बृजमोहन कश्यप सउनि., आदित्य सिंह, येगराम सिदार, नरेंद्र चंद्रा, खिलावन बघेल, भूपेंद्र साहू एवं समस्त टीचर, छात्र छात्राएं उपस्थित थीं। पुलिस थाना भटगांव द्वारा यह मैराथन दौड़ का आयोजन बहुत सराहनीय रहा।

### मैराथन दौड़ का आयोजन भी हुआ

राष्ट्रीय एकता दिवस के इस आयोजन के माध्यम से सरदार पटेल के योगदान को याद किया गया और देश की एकता व भाईचारा को मजबूत बनाने का संदेश दिया। पूरे क्षेत्र में इस अवसर पर देशभक्ति और उत्साह का वातावरण देखा गया। इस मैराथन दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम शुभम जाहिरे 10वी, द्वितीय गौतम साहू 11वी, तृतीय सूरज दुबे 11वी, बालिका वर्ग में प्रथम राजेश्वरी साहू 11वी, द्वितीय अक्रिया साहू 11वी, तृतीय हर्षिता साहू 9वीं प्रतिभावान छात्र छात्राओं को जनप्रतिनिधि, पुलिस स्टाफ, स्कूल स्टॉप के करकमलों से प्रशस्ति पत्र, मैडल प्रदान किया गया।

# रामनामी समाज ने पीएम से की मुलाकात, पहनाया मोर मुकुट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अंतर्गत भटगांव से लगे ग्राम चंदलीडीह के रामनामी समाज के लोगों ने 1 नवंबर को रजत महोत्सव पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और मोर मुकुट पहनाने का आग्रह किया। और बताया कि मोर मुकुट को सिक्योरिटी वालों ने अंदर लाने नहीं दिया। यह जानकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आगे बढ़े और सुरक्षा कर्मियों से मोर मुकुट पगड़ी मंगवाकर पूरे हृदय से कार्यक्रम के मंच पर उसे सिर पर धारण किया। इस आत्मीय मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। रामनवमी समाज के अध्यक्ष सेतबाई रामनामी और महासचिव गुलाराम रामनामी ने ⏩ शेष पेज 10 पर

## सोशल पोस्ट में लिखा - आधुनिक भारत के शिल्पकार, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत है पीएम

# राज्योत्सव में प्रधानमंत्री का शिवरतन शर्मा ने किया अभिनन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नवा रायपुर राज्योत्सव कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने आत्मीय स्वागत किया। राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ में शनिवार को ऐतिहासिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर आगमन पर प्रदेश की राजनीति में उत्साह चरम पर नजर आया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शिवरतन शर्मा ने पोस्ट में लिखा- आधुनिक भारत के शिल्पकार, करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस-रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर रायपुर आगमन पर आत्मीय स्वागत।प्रधानमंत्री मोदी सुबह छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्रीगण और सांसदों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल पहुंचे, ⏩ शेष पेज 10 पर



## जिला स्तरीय राज्योत्सव में कठपुतलियों ने जीता आम नागरिकों का दिल



**बलौदाबाज़ार।** जिला स्तरीय राज्योत्सव में विशाल कठपुतलियों ने आम नागरिकों का दिल जीत लिया है। शासकीय पं. चक्रपाणि हायर सेकंडरी स्कूल में प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन, राजा और रानी के रूप में आई विशाल कठपुतलियों से सेल्फी लेने की होड़ लगी है। बच्चे, नौजवान, महिलायें और बुजुर्ग सभी इन कठपुतलियों के तस्वीरें लेते नज़र आए। कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर की निदेशक किरण मोइत्रा ने बताया कि रजत महोत्सव के अनुकूल उन कठपुतलियों को सजाया संवारा गया है। बच्चों में अमिताभ बच्चन का रूप लिए कठपुतली के साथ बच्चों ने खूब तस्वीरें ली।

## खबर संक्षेप



### देवउठनी एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह

**खरोरा।** नहरडीह में ग्रामीणों के यहां विधि विधान पूर्वक तुलसी माता को दुल्हन की तरह सजाकर आंगन में गन्ने का मंडप बनाया गया और माता को श्रृंगार चढ़ाया गया। इस दौरान सभी प्रकार के मौसमी फल को भोग, गुलाल, चंदन, बंदन, सिंदूर लगाया गया। तुलसी माता और भगवान शालिग्राम का विवाह कराया गया। इस विवाह पूजा में श्याम लाल के परिवार के साथ यादव परिवार डोमार, मोहन, जोहन, राजेन्द्र, तिलक, हरक, राजकुमार, संत, टोमन उपस्थित रहे । जहां यादव लोग भी पूजा अर्चना कर गौ माता (गाय) को सुहाई बंधा और अनेक प्रकार के दोहा भी बोल कर आशीष दिया।

### प्रधानमंत्री के स्वागत में शामिल हुए कार्यकर्ता



**पलारी।** छत्तीसगढ़ वासियों के लिए 1 नवंबर का दिन खास रहा, क्योंकि 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन लागत 14,300 करोड़ का लोकार्पण मुख्यातिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से किया गया। उक्त कार्यक्रम में युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ग्राम पंचायत बिनौरी के नेतृत्व 50 कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल स्वागत अभिनंदन करने पहुंचे, जहां कार्यकर्ता में जोरदार उत्साह का माहौल था। इस दौरान पूर्व उपसरपंच भगवानी राम साहू, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल पलारी के उपाध्यक्ष पीकेंद्र साय, पंच प्रतिनिधि अमृत चरण निराला, बाला राम साहू, बुधारू राम साहू, हीरालाल निराला, मोहन भारद्वाज, रामकुमार साहू, बालमती साहू, पंच रामबती साहू, सरोज साहू, लता निराला आदि शामिल हुए।

### राज्योत्सव पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय रंग बिरंगी झालरों से जगमग हुआ



**पलारी।** नगर में शनिवार का दिन बेहद खास रहा, क्योंकि इस दिन छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 बरस पूरे हुए। इस खास मौके पर विद्यालय को रंग बिरंगी झालरों से जगमग किया गया। इसी कड़ी में पलारी स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया। विद्यालय भवन पर रंग-बिरंगी रोशनी की झिलमिलाहट से पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य राहुल पांडेय, मंगलू राम गेंन्द्रे, उर्मिला बंधे तथा विद्यालय के शिक्षकगण दिलहरण पटेल, विक्की प्रधान, देवेंद्र राठौड़ सहित विद्यालय परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वामन टिकरिहा का डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राज्य स्थापना के पश्चात वर्ष 2025-2026 में प्रथम बार जिले के कृषक का राज्य स्तरीय कृषक अलंकरण डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड पलारी के ग्राम ग्राम मुसुवाडीह निवासी किसान वामन टिकरिहा 18.500 हे. रकबे में खेती करते हैं, जिसमें कृषि के क्षेत्र खरीफ में 9.496 है। रकबे में सुगंधित धान, देवभोग, जंवाफूल, एचएमटी, चिंटू एवं अन्य धान एवं रबी में गेहूं 5.040 हे. चना 1.0 है, सरसो 1 हे. अलसी 2 हे. आदि फसलों की खेती की जाती है। उद्यानिकी क्षेत्र में 1 हे. रकबे में अमरूद, नींबू, अदरक, जिमीकंद, आम, बेर, करौंदा, की खेती व्यावसायिक रूप से की जा रही है, विशेष रूप से बेर की 8 उन्नतशील किस्में अमरूद की 5 किस्में एवं करौंदा 2 किस्में लगी हुई है। मछली पालन के क्षेत्र में 1 हे. रकबे में स्वयं के तालाब में रोहू, कतला व अन्य मछलियों का पालन किया जाता है। पशुपालन क्षेत्र में 5 गायें, 10 बकरी, 10 बत्तख का पालन किया जा रहा है, जिसकी बाजार में विशेष मांग है। खेत के मेडों पर दलहन तिलहन फसल जैसे अरहर, तिल आदि की खेती भी की जाती है। अलसी का बीज उत्पादन के साथ उनके डंठलों से लिनेन रेशा निकाल कर कपड़ा निर्माण के लिये जिला बेमेतरा में विक्रय कर अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## जिले से पहली बार पुरस्कार क़े लिये चयनित होने पर किसान उत्साहित



### बेर उत्पादन में प्रथम पुरस्कार मिला था

जैविक खेती मिशन योजनान्तर्गत निर्मित मां लक्ष्मी जैविक कृषक समूह के माध्यम से गौ आधारित प्राकृतिक खाद, जीवामृत, घनजीवामृत एवं कीटनाशक नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र घर पर ही तैयार कर स्वयं द्वारा उपयोग किया जाता है, जिससे खेती में होने वाले कृषि लागत में कमी आती है एवं पर्यावरण पर दुष्प्रभाव भी कम प्रभाव पड़ता है। प्रतिवर्ष रायपुर में फल एवं पुष्प प्रदर्शनी में भाग लेकर बेर उत्पादन में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार एवं मिर्ची उत्पादन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किये हैं। राष्ट्रीय आम महोत्सव रायपुर में आम एवं आम से तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ सहभागी रहते है।

## आयोजन : सुआ नृत्य प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

# सुआ नृत्य है हमारी मातृशक्ति की सांस्कृतिक पहचान : विधायक संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया



ग्राम ससहा में पारंपरिक लोक संस्कृति को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से भव्य सुआ नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र की अनेक महिला मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में मां की प्रेरणा सुआ आरंग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, भोरिंग की टीम द्वितीय, चरौटी तृतीय, भरुवाडीह चतुर्थ तथा खपरी की टीम पंचम स्थान पर रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कसडोल विधायक संदीप साहू ने कहा कि सुआ नृत्य हमारी मातृशक्ति की सांस्कृतिक पहचान है। यह नृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि इसमें हमारी परंपरा, आस्था और लोक भावनाएं समाहित हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम अपनी लोक संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। विधायक साहू ने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ससहा जैसी ग्रामीण भूमि पर लोक संस्कृति का यह जीवंत प्रदर्शन समाज की एकता और सामूहिकता का प्रतीक है।जिला पंचायत सदस्य महेंद्र मोनू साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुआ नृत्य हमारे सामाजिक जीवन की आत्मा है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ आगे आती हैं, तो समाज की प्रगति सुनिश्चित होती है।

पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धन्नू साहू ने कहा कि सुआ नृत्य हमारे समाज की सामाजिक एकता और सहयोग भावना का प्रतीक है। इस नृत्य के माध्यम से महिलाएं न केवल अपनी भावनाएं व्यक्त करती हैं बल्कि समुदाय को एक सूत्र में बांधने का कार्य भी करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।

कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय में मुकेश साहू का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य टेकेश्वरी कुंदन साहू, सरपंच मिथलेश मुकेश साहू, रमेश्वर साहू, सरोज साहू, नीलकमल खरसे, हेमंत साहू, हेमकुमार साहू, सुरेश साहू, बालाराम साहू, खेलन साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की भारी उपस्थिति और उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया तथा क्षेत्र की लोक परंपराओं को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

## सरपंच एवं जपं सदस्यों के सम्मान में आयोजित किया दिवाली मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएस आर द्वारा सरपंच एवं जनपद सदस्यों के सम्मान में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्रबंधन से संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार, मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री, प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा, भूमि अधिग्रहण प्रमुख डी पी यादव, एचआर हेड सुधिन्द्र पंडा, ईआर हेड लल्लन सिंह एवं अभिलाष बाजपयी, अक्षय प्रकाश झा, मनोज पुलताम्कर तथा ग्राम पंचायत रावन, झीपन, रवेली, पडकीडीह, खपराडीह, चुचरुंगपुर, सरसेनी, गूमा, तिल्दाबांधा, औरासी, छिराही, नेवारी, फुलवारी, कसहीडीह तथा पेंड्री के सरपंच एवं जनपद सदस्यों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अल्ट्राटेक प्रबंधन से यूनिट हेड राजेश कुमार ने विकास में सहभागी बनने की प्रतिबद्धता दोहरायी एवं करन मिस्त्री तथा संजीव मिश्रा ने संयंत्र एवं गांव को परिवार की तरह मिलजुल कर रहने हेतु हर्ष दर्शाया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी रंजय पाण्डेय तथा टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेंन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा, टोपेश्वर मानिकपुरी, सुनिता निषाद एवं साहिल बंदे की भूमिका रही।

### तुलसी चौरा में सजाया गया गन्ने का मंडप



**खरोरा।** नगर में दो दिनों तक देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आमजनों ने अपने घर के तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप सजाकर माता तुलसी और भगवान सालिग्राम का विवाह सम्पन्न किया। इस दौरान आस्था और भक्ति चरम पर रही। लोगों ने इस अवसर पर - पूरे आवास के साथ माता तुलसी के - जयकारे लगाकर परिवार के कल्याण और खुशहाली की कामना की। इसके उपरांत रंग बिरंगे पटाखे फोड़ते हुए पर्व की रौनकता में चार चांद लगा दिया।

## बैजनाथ में मनाया गया गौरा-गौरी विसर्जन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



विकासखंड के ग्राम बैजनाथ में गौरा-गौरी विसर्जन उत्सव मनाया गया। ग्राम में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा।

गांव के विभिन्न चौक-चौराहों से भव्य शोभायात्रा और रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवक-युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इधर मांदर की थाप पर नाचते-गाते श्रद्धालुओं ने गौरा-गौरी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है, जिसमें गौरा-गौरी की पूजा के बाद सामूहिक रूप से विसर्जन किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वही गांव के वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### दो दिनों तक मनाया गया एकादशी पर्व



**पलारी।** विशेष संयोग से 1 और 2 नवंबर को नगर सहित अंचल में देव उठनी एकादशी पर्व परंपरा के अनुसार मनाया गया। देवउठनी पर लोगों ने श्रद्धा के साथ तुलसी चौरा पर गन्ने का मंडप सजाकर अदरक का पौधा, कंद और पूजा सामग्री अर्पित कर भगवान विष्णु के रूप में शालिग्राम का तुलसी के साथ विवाह किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान घर को रंग बिरंगी झालरों से रोशन किया गया था। वहीं आंगन को आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। तुलसी विवाह में लक्ष्मीकांत कश्यप, पिंकी कश्यप, सौगात राय, भैरवी रॉय, खुशी जायसवाल, निहाल कश्यप, वैभवी कश्यप, एम आर जायसवाल सहित वार्डवासी शामिल हुए।

### एकादशी पर हुआ तुलसी विवाह

**अर्जुनी।** ग्राम अर्जुनी में देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह का पर्व श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शनिवार को लोग सुबह से ही पर्व को लेकर गन्ने की खरीदारी के लिए पहुंच रहे थे, गन्ने का बाजार लगा हुआ था। साथ ही फलों की दुकानों में भी भीड़ लगी रही। शाम तक बाजार में खरीदारी करने के लिए भीड़ देखी गई। इस त्यौहार को लेकर लोगों ने अपने घरों के पास आकर्षक रंगोली बनाई। साथ ही दीप जलाए गए एवं पटाखे फोड़े तथा गन्ने का मंडप बनाकर माता तुलसी एवं भगवान नारायण शालिग्राम के साथ विवाह कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। पूजन के दौरान तुलसी के पौधे को लाल चुनरी श्रृंगार सामग्री एवं केला, सिंघाड़ा तथा अन्य फल अर्पित किए।



# वल्लभ भाई पटेल जयंती पर स्काउट गाइड्स के छात्रों ने दिया एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर स्काउट गाइड्स के छात्रों ने दौड़ में शामिल होकर एकता का संदेश। भारत स्काउट एंड गाइड्स रायपुर छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त ईनदरजीत खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव एवं जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, सहायक जिला आयुक्त नरेश वर्मा पलारी के निर्देशन एवं जिला सचिव जगदीश साहू, संयुक्त जिला सचिव कीर्ति वर्मा के एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट सूरज कसार, जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं क्लैप सदस्य नेहा उपाध्याय एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त मनीष बघेल, स्काउट जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी कला पाटकर, ब्लॉक सचिव संजीव पटेल, शाला प्रभारी कविता ध्रुव के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल चरोदा ब्लॉक पलारी में एकता की दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउटिंग परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत स्कार्फ लगाकर किया गया। ग्राम पटेल बृजलाल साहू ने हरी झंडी दिखाकर इस दौड़ को आरम्भ किया। इस में दौड़ पालक समिति अध्यक्ष भान सिंह ध्रुव, पालक समिति सदस्य विजय ध्रुव तथा स्कूल स्टाफ स्काउट खिलावन, शुभम, मोनूराज, ईश्वर, त्रिदेव, सैफ, गाइड इंदु, पुष्पांजलि, प्रियांशी, जानवी, श्रद्धा, खुशबू, उर्वशी, हेमा, योगिता, खिलेश्वरी आदि ने स्काउट ने एकता का संदेश दिया।

### खैरखटा में सरदार पटेल की जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**बलौदाबाजार।** भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती का आयोजन प्राथमिक शाला खैरखटा में किया गया। इस अवसर पर बच्चों को फल, मिठाई व शैक्षणिक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल का जीवन हम सबके लिए आज भी प्रासंगिक है, उनके आदर्शों पर चलकर हम भारत को सशक्त, समर्थ, स्वाभिमानी एवं विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार कर सकते हैं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मगरचबा के सरपंच राकेश ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष किरण तिवारी, सीएसी अमरदास डहरिया, प्रधानपाठक उषादेवी धुरंधर, शिक्षक होमेश्वरी वर्मा, मानसेवी शिक्षक दुलेश्वर वर्मा सहित ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम संयोजक नीरज परगनिहा, जिला पंचायत सदस्य इंदु जांगड़े, प्रदीप कुर्रे, शीला वर्मा, धनंजय साहू, डमरूधर वर्मा, विनय गुप्ता, बंशीलाल वर्मा, गुलशन वर्मा, गौरव सेन, टिकेश वर्मा, हेतराम साहू, ललित यादव, रोहित वर्मा, तुकेश ध्रुव, लाला वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व सफाई कर्मी, रसोईया तथा शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी उपस्थित थे। स्कूल स्टाफ की ओर से गुलदस्ता भेंट कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया व ट्रस्ट की ओर से शाला परिवार को सरदार पटेल का छायाचित्र भेंट किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्रस्ट की ओर से डॉ. राधेश्याम पटेल द्वारा किया गया।



## ऑक्सफोर्ड स्कूल ने ऑनलाइन क्विज के साथ डिजिटल शिक्षा में बढ़ाया कदम



**कसडोल।** नगर में संचालित ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल ने डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 अक्टूबर को शाम 6 बजे, गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन क्विज़ का आयोजन किया। इसमें कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 वी तक के छात्रों ने भाग लिया और अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की घोषणा की गई। जिन्हें अध्यक्ष सीपी साहू और प्रधानाचार्या लक्ष्मी साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सीपी साहू ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा, डिजिटल शिक्षा का भविष्य उज्ज्वल है, और हमें अपने बच्चों को इस दिशा में प्रोत्साहित करना चाहिए। प्रधानाचार्या लक्ष्मी साहू ने कहा, हमें विश्वास है कि यह पहल हमारे छात्रों के लिए एक अच्छा भविष्य तैयार करेगी।परीक्षा विभाग के महेश कैवर्त्य और सभी शिक्षकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

## पेज 9 के शेष

### बारनवापारा वन्यजीव ...

वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने कहा कि बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य केवल एक पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ने और संरक्षण की भावना को जागृत करने का माध्यम है। हम सभी प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों का स्वागत करते हैं कि वे इस सत्र में बारनवापारा आएं और इसकी अद्भुत जैव-विविधता का अनुभव करें।

### एनीकेटों पर सुरक्षा...

बोर्ड लगे हैं और न ही सुरक्षा जाल या घेरा बनाया गया है।माहेश्वरी ने जिला प्रशासन से मांग की कि डीएमएफ या अन्य फंड से एनीकेटों पर सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति, चेतावनी बोर्ड और जागरूकता अभियान की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जिन उद्योगों को इन एनीकेटों से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, उनसे भी सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होंने शासन से मृतकों के परिवारों को अतिरिक्त मुआवजा देने तथा कलेक्टर से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि ऐसे मामलों में मुआवजा प्रकरण प्रशासन स्वयं परिजनों के घर जाकर तैयार करे, ताकि पीड़ित परिवार को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। माहेश्वरी के साथ जनपद सदस्य विष्णु कोसले और कांग्रेस मंडल अध्यक्ष हीरा साहू भी मौजूद रहे।

### रामनामी समाज ने...

बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें बहुत ही खुशी हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उनका आभार जताया। गुलाराम रामनामी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान शक्ति जिले में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हुआ था, तब उनसे वहां मुलाकात हुई थी और रामनामी समाज के अध्यक्ष सेतबाई ने उन्हें वचन दिया था कि जब वह पुनः प्रधानमंत्री बनकर छत्तीसगढ़ आएंगे तब उनका मोर मुकुट पहनकर स्वागत करेंगे। गुलाराम ने कहा की उनके समाज को कई सौ वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण हो और रामलला अयोध्या में विराजमान हो इसकी चाहत थी और यह चाहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण हुई, इसके लिए भी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

### राज्योत्सव पर प्रधानमंत्री...

जहां वे हृदय रोग से उबरे करीब 2,500 बच्चों से संवाद किया। रायपुर प्रवास के दौरान पीएम लगभग 6.45 मिनट शहर में रहे। आगमन के तुरंत बाद उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोक कला की पहचान पद्म विभूषण तीजन बाई और सुप्रसिद्ध साहित्यकार पद्म भूषण विनोद कुमार शुक्ल का हालचाल भी जाना। पीएम मोदी आज नवा रायपुर में कई बड़े लोकार्पण किया, जिनमें नए विधानसभा भवन का उद्घाटन, डिजिटल जनजातीय संग्रहालय का लोकार्पण और ब्रह्माकुमारी संस्थान के 'शांति शिखर' ध्यान केंद्र का उद्घाटन शामिल हैं।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


छत्तीसगढ़ रजत जयंती
के अवसर पर
भूपेन्द्र साहू (बारूका जय) कृत
"रंग सरोवर"
छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कार्यक्रम
की शानदार प्रस्तुति
सरोवर बारुका गारपा
दिनांक : 03.11.2025, दिन-सोमवार
समय : रात्रि 8 बजे...
स्थान : गुरुघासीदास चौक, तिल्दा-नेवरा
विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार के
विकासखंड तिल्दा शहर एवं ग्रामीण में
मुख्यमंत्री अधोसंरचना विद्युत विकास कार्य के लिए
8 करोड़ 85 लाख 8 हजार
की स्वीकृति...
मान. विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ एवं
मान. टंकराम वर्मा जी केबिनेट मंत्री, छ.ग. शासन को
कोटिश: बधाई एवं आभार
तिल्दा उपसंभाग अंतर्गत वितरण केन्द्रों में होने वाले
लाईन विस्तार एवं ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का विवरण
3.15 MVA से 5 MVA POWER TRANSFORMER कोटा-तिल्दा ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि से लगभग 8 ग्रामों का लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी...
आने वाले ग्राम - कोटा, खपरीखुर्द, चांपा, मोंहदी मोहगांव, खपरीकला, सिनोधा, सतभावा
लागत - 30.67 लाख
3.15 MVA से 5 MVA POWER TRANSFORMER तुलसी-तिल्दा ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि से लगभग 5 ग्रामों का लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी...
आने वाले ग्राम - तुलसी, बहेसर, सिरवे, कोहका, घुलघुल
लागत - 30.12 लाख
3.15 MVA से 5 MVA POWER TRANSFORMER जोता-तिल्दा ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि से लगभग 8 ग्रामों का लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी...
आने वाले ग्राम - जोता, टंडवा, बैकुंठ, सिलपट्टी, निनवा, गुजरा, किरना, हथबंद
लागत - 30.12 लाख
3.15 MVA से 5 MVA POWER TRANSFORMER बिलाड़ी-तिल्दा ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि से लगभग 5 ग्रामों का लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी...
आने वाले ग्राम - बिलाड़ी, सरोरा, भुरसुदा परसदा, ओटगन
लागत - 30.12 लाख
33 KV NEW INTERLINKING LINE 21 KM -तुलसी से तिल्दा - तोहड़ा
नए 33 KV LINE के निर्माण से - 1. कोटा, 2. तोहड़ा, 3. तिल्दा, 4. हिरमी सभी उपकेंद्र में अतिरिक्त आपूर्ति का प्रावधान रहेगा, वर्तमान में 33 KV लाइन की सिंगल/ डबल सप्लाई की व्यवस्था है, 33 KV सप्लाई आने से लगभग 35 ग्रामों के आस-पास के ग्राम पंचायत में 33/11 KV LINE से निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी...
आने वाले ग्राम - आलदा, कोटा, भिलोनी, हिरमी, मोहरा, तोहड़ा, चांपा, सतभावा, मोहगांव, खपरीकला, खपरी खुर्द, बोरझिटी, छाछनपहरी, मानपुर, तुलसी, केवतरा, सिनोधा, सरारीडीह, भिंभोरी, देवरी, रजिया एवं 35 ग्रामों जैसे-मोहरा एवं हिरमी के आस-पास के ग्राम
लागत - 361 लाख
11 KV NEW INTERLINKING LINE 9 KM छापोरा से कोटा नए 11 KV LINE के निर्माण से 1. कोटा, 2. तोहड़ा दोनो उपकेंद्र में इंटरलॉकिंग सप्लाई का प्रावधान रहेगा, जिससे लगभग 5 ग्रामों के आस-पास के ग्राम पंचायत में 11 KV LINE निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी....
आने वाले ग्राम - छपोरा, चांपा, घुलघुल, देवरी, भिंभोरी
लागत - 76.78 लाख
तिल्दा-नेवरा में 1X3.15 MVA क्षमता का नए 33/11 KV उपकेंद्र की स्थापना, नए 33/11 KV उपकेंद्र के निर्माण से तिल्दा-नेवरा शहर, नगर पालिका क्षेत्र, सिंनोधा में होने वाले लो वोल्टेज एवं ओवरलोड की विद्युत समस्या दूर होगी। नए उपकेंद्र बनने से 11 KV लाइनों की लंबाई कम होने से लाइन में विद्युत व्यवधान में कमी आयेगी एवं 24 घंटे निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति होगी...
आने वाले क्षेत्र - तिल्दा-नेवरा शहर, नगर पालिका क्षेत्र एवं सिनोधा
लागत - 327 लाख
अनिल अग्रवाल
सांसद प्रतिनिधि
राम पंजवानी
चंद्रकला वर्मा
अध्यक्ष, न.पा.
विकास सुखवानी
पूर्व उपाध्यक्ष, न.पा.
पलक विकास सुखवानी
उपाध्यक्ष, न.पा.
मनोज कुमार निषाद
अध्यक्ष, तिल्दा शहर मंडल
नरसिंह वर्मा
अध्यक्ष
गोपाल साहू
महामंत्री
सुरेश वर्मा
मंडल महामंत्री
टेकराम यादव
महामंत्री, ग्रामीण
दिनेश गायकवाड
महामंत्री, ग्रामीण
ईश्वर यदु
पूर्व मंडल अध्यक्ष
भागबली साहू
पूर्व मंडल अध्यक्ष, ग्रामीण
केयूर भूषण शर्मा
पूर्व महामंत्री, ग्रामीण
सौरभ जैन
पूर्व महामंत्री

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 नवम्बर 2025
SHOW TIME
बाहुबली द ईपिक
शो समय - 3:00, 6:00 PM
थामा
शो समय - 12:00, 9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# कुकुरडीह संयंत्र में कोनोकार्पस रोपण की योजना से अंचलवासी चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम कुकुरडीह स्थित सीमेंट संयंत्र प्रबंधन द्वारा कोनो कार्पस नामक खतरनाक विदेशी पौधे के रोपण की योजना बनाई गई है। यह वृक्ष पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए घातक माना जाता है। जानकारी के अनुसार संयंत्र प्रबंधन द्वारा नवंबर में 21 हजार कोनोकार्पस पौधा के रोपण की तैयारी की जा रही है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि कोनो कार्पस वृक्ष अत्यंत जल पिपासु होता है। इसकी जड़ें जमीन के भीतर गहराई तक जाकर जलस्त्रोतों से पानी खींच लेती हैं। यहां तक कि यह पाइपलाइनों के पास जाकर उनसे लिपट कर पानी सोख लेता है। विशेषज्ञों ने इसे धरती का जोंक वृक्ष बताया है, जो भूमिगत जल स्तर को तेजी से समाप्त करता है।

सूत्रों के अनुसार संयंत्र द्वारा इस वृक्ष का चयन इसलिए किया गया है, क्योंकि यह तेजी से बढ़ता है और अल्प समय में हरियाली का आभास देता है। पर्यावरण हितचिंतकों का कहना है कि यह केवल "हरियाली का दिखावा" है, जो आने वाले समय में जल संकट को जन्म देगा। ज्ञात हो कि कोनो कार्पस वृक्ष को गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे तीन राज्यों में इसके दुष्प्रभावों के चलते प्रतिबंधित किया जा चुका है, किंतु छत्तीसगढ़ में अभी तक इस पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।

## ऑक्सीजन का उत्सर्जन सामान्य वृक्षों की तुलना में बहुत कम

### पौधा रोपण पर प्रतिबंध की मांग

प्रकृति विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि 21 हजार कोनो कार्पस पौधों का रोपण बलौदाबाजार अंचल की इकोलॉजी और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा साबित होगा। उन्होंने राज्य सरकार से इस वृक्ष पर शीघ्र प्रतिबंध लगाने और औद्योगिक संयंत्रों को सचेत करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र की पर्यावरणीय संतुलन को बचाया जा सके।



### पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए है घातक

स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि इस वृक्ष से ऑक्सीजन का उत्सर्जन सामान्य वृक्षों की तुलना में बहुत कम होता है और इसके पराग कणों से दमा व श्वसन संबंधी रोगों में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि वन विभाग और उद्यानिकी विभाग दोनों ही इस प्रजाति को अपनी नर्सरियों में नहीं तैयार करते, जिससे इसकी हानिकारक प्रकृति का स्पष्ट संकेत मिलता है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. शशि जायसवाल बने बिलाईगढ़ बीएमओ



**भटगांव**। नगर भटगांव के डॉ. शशि जायसवाल ने बिलाईगढ़ बीएमओ का पदभार ग्रहण किया। बिलाईगढ़ ब्लाक का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अनेक बीएमओ के प्रभार से सुसज्जित रहा है। सभी ने चिकित्सकीय ज्ञान से अंचल की लोगों को स्वस्थ रखने का हर संभव प्रयास किया। वर्तमान प्रभारी बीएमओ डॉ. शशि जायसवाल से भी क्षेत्र के लोगों को भी बड़ी उम्मीद एवं आशाएं हैं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अनोखी पहल करते हुए अपनी चिकित्सकीय ज्ञान से लोगों की सेवा इसके पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में पदस्थ डॉ. शशि जायसवाल की उनकी कार्य एवं लगन को देखते हुए उन्हें बीएमओ प्रभार दिया गया है। डॉ. शशि जायसवाल ने कहा है कि मैं स्वास्थ्य केन्द्रों में मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेकर उन्हें हर संभव सभी पूरा करुंगा तथा क्षेत्र के लोगों के लिए 24 घंटा उपस्थित रहूंगा।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में रुद्रकांत का बेहतर प्रदर्शन

**कसडोल**। स्थानीय आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला के सातवीं कक्षा के छात्र रुद्रकांत साहू ने अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर नगर सहित क्षेत्र को गौरवान्वित किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय



बैडमिंटन प्रतियोगिता में रुद्रकांत साहू द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने पर राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। उक्त राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 25 से 28 अक्टूबर तक अंबिकापुर में आयोजित की गई थी, जिसमें रुद्रकांत ने बेहतर प्रदर्शन किया, जहां उनका नेशनल स्पर्धा के लिए चयन किया गया। रुद्रकांत के पिता बलराम साहू पेशे से अधिवक्ता है और माता संतोषी साहू शिक्षक है। रुद्रकांत की इस उपलब्धि पर माता पिता सहित भाई युवराज साहू एवं सगे संबंधी, मित्रों और गुरुजनों ने बधाई दी।

## निधन

### नेहा परगनिहा



**अर्जुनी**। गोड़गिरी (बेरला) निवासी नेहा परगनिहा का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। वे नरेंद्र परगनिहा की बड़ी बहू, रामनारायण वर्मा मल्दीवाले की पुत्री एवं प्रेम शंकर वर्मा सरपंच खैरताल की भांजी थीं।

## पर्व : देवउठनी एकादशी पर फोड़े गए पटाखे

# गांवों में गौरी गौरा की निकाली बारात

हरिभमि न्यूज ▶▶| सेल



ग्राम पंचायत सेल में गौरी गौरा मूर्ति स्थापित कर धूमधाम से तालाब में विसर्जन किया गया। 29 अक्टूबर को मंडपाच्छादन एवं स्थापना 1 नवंबर को गौरी गौरा की शोभायात्रा निकालकर विवाह किया गया। रात्रिकालीन में गौरी गौरा की बारात निकाली गई। जिसमें गढ़वा बाजे में नृत्य करते हुए शंकर भगवान माता पार्वती की बारात निकाली गई। स्थानीय सूतियापारा मोहल्ला के हाड़ादहरा में 2 नवंबर को गौरी गौरा विसर्जन करने जाने के लिए मोहल्लावासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देवउठनी एकादशी पर्व खूब फटाखे फोड़े गए। गुड्डा गुड़िया का पुतला बनाकर विवाह रचाया गया। मवेशियों को खिचड़ी दाल भात खिलाया गया। गौरा पक्ष लोचन प्रसाद साहू, कृष्णा देवी साहू, गौरी पक्ष साहेबलाल पैंकरा, गीता बाई पैंकरा गुड़ीपारा प्रमुख विसर्जनकर्ता कृष्ण देवी साहू, मानकी सिदार, चंद्रिका बाई साहू, कौशील्या साहू, सरिता कैवर्त्य, मंजू कैवर्त्य जिसमें बैगा दशरथ वर्मा था। इस मौके पर हरलाल वर्मा, सतीश जायसवाल, संतोष कुमार जायसवाल सहित बड़ी संख्या में मोहल्लावासी शामिल हुए थे।

### देवउठनी पर हुआ तुलसी व शालीग्राम का विवाह

देवउठनी एकादशी पर गन्ना व रंगोली से सजा आंगन तुलसी व शालीग्राम के साथ हुआ विवाह

**मुंडा**। ग्राम पंचायत मुंडा के आसपास क्षेत्र में शनिवार को देवउठनी एकादशी पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तजन सुबह से रात्रि तक निर्जला व्रत रखा शाम को तुलसी चौरा में गन्ने का मंडप बनाकर की पूजा अर्चना किए। रामकुमार वर्मा के घर इस वर्ष परिवार के लोग उपवास रखकर गन्ने के मंडप में तुलसी का विवाह शालिग्राम के साथ विधि-विधान पूर्वक किया। कार्यक्रम में रंमू लाल वर्मा, कुबेर राम, सुमेर राम, अमरनाथ, मोरध्वज, तुकाराम, कमलेश, टूकेशवर, मुकुंद, ढालबाई, ईतवारा बाई, सरोजिनी बाई, शशि कला, गंगाबाई, अमरौवतीन, मेनका, पूर्णिमा, मोनिका, हिमांशी सहित पूरा परिवार शामिल हुआ।



### कुर्रा में गौरी-गौरा का विसर्जन

**बंगोली**। ग्राम कुर्रा में देव उठनी एकादशी कार्तिक शुक्ल पक्ष को तुलसी विवाह पर समिति द्वारा गोवर्धन चौक में गौरी-गौरा की स्थापना कर सुबह विसर्जन किया। उक्त कार्यक्रम संतराम साहू के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।



### मोपका में गौरा-गौरी पर्व पर निकाली झांकी



**भाटापारा**। ग्राम मोपका में गौरा-गौरी का गली भ्रमण कर विसर्जन किया व देवउठनी एकादशी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में उपसरपंच संजय वर्मा, बुद्धेश्वर वर्मा, पवन वर्मा, सुमित वर्मा, तमेश्वर वर्मा, गणेश वर्मा, टीकाराम वर्मा, प्रकाश वर्मा, चोखेलाल देशमुख, लक्की शर्मा शामिल हुए।

# खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निकाली निशान यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में श्याम उत्सव समिति द्वारा ग्यारस पर भगवान खाटू श्याम का जन्म उत्सव मनाया गया। सुबह महामाया मंदिर में भगवान खाटू श्याम की पूजा अर्चना कर एक रथ में विराजमान कर गाजे बाजे के साथ निसान यात्रा पूरे नगर में भ्रमण कराया गया, जहां पर खाटू श्याम के भक्तों ने इस भव्य निशान यात्रा का पुष्प पंखुड़ी से स्वागत किया तथा जगह-जगह भक्तों ने प्रसाद स्वरूप जलेबी, पूरी, फल, मिठाई का वितरण किया। खाटू श्याम की निशान यात्रा में भक्तों द्वारा कुर्ता-पैजामा तथा महिलाओं ने पीतांबरी साड़ी पहन रखी थी।



- पुष्प पंखुड़ी से जगह-जगह हुआ स्वागत, जलेबी, पूरी, फल, मिठाई का वितरण हुआ

यह निशान यात्रा महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर बजरंग मंदिर में इसका समापन हुआ तथा रात्रि में नगर भवन पर राजेश शर्मा एंड कंपनी द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम किया गया, जहां हजारों की संख्या में भक्तों ने इस भक्तिमय संगीत में लीन होकर अपने बाबा पर भाव विभोर हो गए और झूम उठे। रात्रि में महाआरती की गई तथा प्रसाद का वितरण किया गया।

### हारे का सहारा खाटू वाले श्याम बाबा

मान्यता है कि खाटू श्याम का असली नाम बर्बरीक था महाभारत काल के एक वीर योद्धा थे, जो भीम के पौत्र थे। उन्होंने हारे का सहारा भी कहा जाता है, क्योंकि वे निराश और हारे हुए लोगों को सहारा देते थे। उन्हें भगवान कृष्ण का एक स्वरूप माना जाता है। जिन्हें कलयुग में अपने नाम से पूछे जाने का वरदान दिया था, क्योंकि बर्बरीक ने अपनी वीरता के बल पर युद्ध से पहले अपना शीश दान कर दिया था। खाटूजी का प्रसिद्ध मंदिर राजस्थान के शिकार में स्थित है। हर वर्ष यहां से निशान यात्रा जाती है और जो भी मनोकामना भक्तों की होती है खाटू श्याम उस मनोकामना को पूर्ण करते हैं। हजारों की संख्या में बलौदाबाजार में खाटू श्याम के भक्त हैं, जो हर वर्ष धार्मिक आयोजन करते हैं।

# रामगोपाल बने टुण्डरा तहसील अध्यक्ष भोजराम को उपाध्यक्ष की कमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

साहू समाज टुंड्रा तहसील क्षेत्र का चुनाव शुक्रवार को गिधौरी स्थित साहू समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ। चुनाव में समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति और लोकतांत्रिक तरीके से नए पदाधिकारियों का चयन किया।

तहसील अध्यक्ष पद के लिए रामगोपाल साहू और महेंद्र साहू के बीच हुए मुकाबले में रामगोपाल साहू ने 16 मतों के अंतर से विजय प्राप्त की। वहीं उपाध्यक्ष पुरुष पद पर भोजराम साहू ने मोतीलाल साहू को 24 वोटों से हराया। महिला उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मीन साहू निर्वाचित हुईं, जबकि संगठन सचिव पद पर किरण साहू ने रामप्रसाद साहू को 5 मतों से पराजित किया। इसी प्रकार महिला सचिव पद पर ममता साहू ने रश्मि साहू को 5 मतों से हराकर जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समाजजनों में हर्ष का माहौल बन गया। गिधौरी से टुंड्रा नगर तक भव्य विजय रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के सदस्य और समर्थक शामिल हुए। रैली के दौरान ढोल-नगाड़ों और रंग-गुलाल के बीच नवचयनित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष बालाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष छतराम साहू, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम साहू, संरक्षक सतीश साहू, जिला मीडिया प्रभारी योगेश साहू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# हायर सेकंडरी स्कूल में मना एकता दिवस, स्वयंसेवकों ने निकाली रैली



**बगबुड़ा**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान (ख), बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में स्वयंम सेवकों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कि 149वीं जयंती 41वां पुण्य तिथि पर दो मिनट मौन धारण किया। संस्था के प्राचार्य ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कि जंयती पर सभी स्वयंम सेवकों को बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्राचार्य महोदय ने कहा कि पटेल महान राजनयिक एवं महापुरुष थे उन्हीं के वज़ह से भारत अनेकता में एकता हैं सभी धर्मों का समान अधिकार दिया गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर गांव में रैली निकाल कर सरदार वल्लभ भाई पटेल कि जंयती पर पटेल का जयकारा लगाया गया स्वयंम सेवकों में जोश था। वयंम सेवकों ने ड्राइंग सीट पर सरदार वल्लभ भाई पटेल कि चित्र बनाकर लायें थे। संस्था के शिक्षक अनुशवर यादव, कैलाश साहू, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, पेमेशवरी नेताम, आनंद गोस्वामी, परमानंद राञे, अखिलेश धृतलहरे, सतीश भारद्वाज राष्ट्रीय सेवा योजना के अध्यक्ष दुगेशवरी चेलक, उपाध्यक्ष साधना यादव, कोषाध्यक्ष रामेश्वरी पैंकरा,सोनम बंजारे, नंदनी धीवर, यमुना धीवर लेखा धीवर, वर्षा धीवर कुल 46 स्वयंम सेवक उपस्थित थे।

# सहकारिता कर्मी आंदोलन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर कर्मचारियों द्वारा अपने वार्षिक वेतन वृद्धि क्रमबद्ध हड़ताल का चतुर्थ दिवस और अधिक जोश खरोस भरा रहा। विगत पांच वर्षों से कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिलने और एक ही वेतन में कार्य करने से 73 बैंक शाखा के लगभग 800 कर्मचारियों के परिवार आर्थिक कमजोरी से जूझ रहा है। सहकारिता विभाग की हठधर्मिता से मायूस निराश होकर संघ कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, जहां के सिंगल बेंच और डबल बेंच में भी कर्मचारियों को ही सफलता मिली, किंतु सहकारिता विभाग न्यायालय के आदेश को नहीं मानकर कर्मचारियों को हताश कर दिया, जिससे कर्मचारियों ने 29 अक्टूबर से आंदोलन का राह अपना लिया है।

तो किसानों और अमानतदारो के साथ शासन प्रशासन के लिए गंभीर मसला बन सकता है। आंदोलन में बैंक शाखा रोहांसी, पलारी, वटगन कोदवा, कोसमंदी के कर्मचारियों में शाखा प्रबंधक रमेश धावलकर, रोहित जायसवाल, सुशील यदु, ओमप्रकाश वर्मा, संजय वर्मा, धीरेन्द्र वर्मा, प्रहलाद पटेल, सुरेंद्र वर्मा, सुनील सुकुमारन, अनिता पांडे, बसावन यदु, सहायक लेखापाल पंकज साहू, ओमप्रकाश वर्मा, चंद्र भुषण साहु, गुलाबदास, मुरीत साहू, फत्तेसेन, क्रांति साहू, लेखराम, मलखान पुरानंबे, लेखराम साहू, देविका साहू, प्रताप ध्रुव, विष्णु यादव, राजेन्द्र वर्मा, राजकुमार यदु, पुरन लाल साहू पुरषोत्तम वर्मा, डहरिया साहब, कौशल चंद्राकर, जितेन्द्र साहू, हेमंत यादव, रुपेश वर्मा, चंद्रकांत वर्मा सहित बलौदाबाजार-भाटापारा पलारी अंचल के सहकारी बैंक कर्मचारियों ने आगामी समय में आंदोलन को और तेज करने की बात कही है।



### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे तालाबंदी

प्रथम चरण में काली पट्टी लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। 3 नवम्बर से आंदोलन को और कड़ाई से करने का फैसला लिया है। रायपुर जिला सहकारी बैंक अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, सारंगढ़ - बिलाईगढ़,धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद रायपुर के 73 शाखाओं और लगभग 700 सहकारी समितियों में ऋण वितरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के बाद आगामी समय में धान खरीदी जैसे शासन का महत्वपूर्ण कार्य यही बैंक से सम्पन्न होना है, यदि कर्मचारियों का मांग तय समय में पूरा नही होगा और तालाबंदी जैसा हड़ताल हो गया

# पीएम कार्यक्रम में शामिल भाजपाइयों ने किया भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडीबंगला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर पूरे जिले में तैयारियों का माहौल रहा। शनिवार को आयोजित होने वाले छत्तीसगढ़ राज्योत्सव एवं विधानसभा भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए जिलेभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक और जनप्रतिनिधि रवाना हुए। इस बीच बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग स्थित संडी बंगला चेकपॉइंट पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच सुरक्षा बलों द्वारा की किए गए। साथ ही कार्यकर्ताओं और यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भोजन और नाश्ते का समुचित प्रबंध किया गया था। चेकपॉइंट पर स्थानीय प्रशासन द्वारा जलपान,पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की गई गई थी।



जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों और जनपद स्तर पर बनाए गए समन्वय केंद्रों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया था कि रैली में जाने वाले प्रत्येक दल को समय पर भोजन और आवश्यक सहयोग मिल सके। पलारी जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि संडी चेकपॉइंट पर आने-जाने वाले वाहनों की निगरानी के साथ-साथ भोजन वितरण की जिम्मेदारी भी कर्मचारियों को सौंपी गई थी।

प्रधानमंत्री की सभा में भारी मात्रा में लोगों की उपस्थिति के उद्देश्य से प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारी की थी । एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, ग्राम सचिव और थाना स्टाफ सहित जिले के अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए थे। ग्राम स्तर पर यह भी रिकॉर्ड किया जा रहा है कि किस गांव से कितनी गाड़ियां रवाना हुईं और प्रत्येक वाहन में कितने लोग शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)